देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 163 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
अच्छी-खासी गिरावट दर्ज



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 29 सितंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 शरीफ मोदी से करते हैं चुपके से बात
7 मेरे पास शानदार खेल के लिए 10 साल

# कृषि कानून पर कोहराम

## दिल्ली समेत कई राज्यों में जोरदार प्रर्दशन

**संवाददाता**

नई दिल्ली। नए कृषि कानून के विरोध में दिल्ली समेत कई राज्यों में जोरदार प्रर्दशन हो रहे है। राजघाट पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सभी प्रदर्शनकारियों को हरि नगर के खाटू श्याम स्टेडियम ले जाया जा रहा है। इससे पहले सोमवार सुबह कृषि कानून के खिलाफ पंजाब यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया।

इंडिया गेट पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा ने निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस ने देश को शर्मसार किया, आज तक जनता ने आंदोलन देखे। लेकिन ट्रैक्टर लाकर इंडिया गेट के पास जलाना, कांग्रेस का नाटक है। भाजपा इसकी निंदा

■दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी हिरासत में

करती है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि जिस तरह किसान आंदोलन के नाम पर कांग्रेस राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है वो निंदनीय है।

वहीं, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज कांग्रेस ने दिल्ली में अपना असली रंग दिखा दिया। किसानों के नाम पर कुछ असामाजिक तत्व अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रैक्टर जलाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। वे किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

इंडिया गेट पर प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर जलाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा कि अगर मेरे पास ट्रैक्टर है और मैंने इसे आग लगा दी है, तो इसे किसी और को क्यों परेशान करना चाहिए। अमरिंदर सिंह ने कृषि बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों को संसद में चिंताएं जाहिर करने का मौक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इस खतरनाक कानून को मौजूदा रूप में लागू करने से पंजाब का कृषि क्षेत्र बर्बाद हो जाएगा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केंद्र सरकार के कृषि कानून के विरोध में इस सप्ताह पंजाब में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर सकते हैं। बता दें कि पंजाब में किसान कानून को लेकर जबरदस्त प्रर्दशन हो रहा है और किसान इसके विरोध में सड़कों पर हैं। दरअसल, भाजपा ने इसे नाटक करार दिया था।

### पंजाब यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया

सोमवार सुबह कृषि कानून के खिलाफ पंजाब यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में कुछ किसान भी शामिल बताए जा रहे हैं। शहीद भगत सिंह की तस्वीर लेकर प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। एएनआइ के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने पंजाब के रहने वाले पांच लोगों को हिरासत में लिया है।



### कृषि विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कृषि सुधार से जुड़े तीन विधेयकों को रविवार रात को मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही तीनों विधेयक अब कानून बन गए हैं। इनमें कृषि उत्पादन व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, कृषि (सशक्तीकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक और आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। इस संबंध में एक गजट अधिसूचना प्रकाशित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशांत मौत मामले में सभी एंगल से जांच कर रही है सीबीआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीबीआइ ने बयान जारी कर कहा है कि एजेंसी अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मामले की पेशेवर तरीके से जांच कर रहा है, जिसमें सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। अब तक किसी भी पहलू को तारीख के रूप में खारिज नहीं किया गया है। मामले की जांच जारी है। सीबीआइ जल्द ही सुशांत सिंह राजपूत की बहनों को पूछताछ के लिए बुला सकती है। सुशांत की बहन मीतू सिंह से सीबीआइ पहले भी पूछताछ कर चुकी है। मामले में ड्रग्स एंगल सामने आने के बाद जांच की दिशा थोड़ी बदली जरूर है, लेकिन उम्मीद यही है कि मौत का सच सामने आएगा।

### पेयजल निगम में बड़ी संख्या में तबादले से हड़कंप

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पेयजल निगम में बड़ी संख्या में अभियंताओं के तबादले किए गए, जिससे अफरा-तफरी जैसा माहौल बना रहा। सोमवार को निगम के एमडी ने करीब 50 सहायक अभियंताओं के तबादले कर दिए हैं। अधिकतर अभियंताओं को मैदान से पहाड़ भेजा गया है। वहीं, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय संगठन ने तबादलों का विरोध किया है। प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र देव ने कहा कि लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस संक्रमण के बावजूद निगम तबादले कर रहा है, जो बिल्कुल भी ठीक नहीं है। अधिकारी और कर्मचारी वेतन को तरस रहें हैं, जबकि निगम तबादले करके खर्चे का बोझ बढ़ा रहा है।

### स्पेशल डीजी के पद से हटाए गए पुरुषोत्तम शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। पत्नी को पीटने वाले मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी पुरूषोत्तम शर्मा को स्पेशल डीजी के पद से हटाकर गृह मंत्रालय से अटैच किया गया है। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में वरिष्ठ आइपीएस अफसर अपनी पत्नी को जमीन पर गिरा कर बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# रक्षा मंत्री ने भारतीय सैन्य अकादमी में अंडरपास का किया वर्चुअल शिलान्यास

## आइएमए में पीओपी के दौरान बाधित रहता है राजमार्ग

**संवाददाता**

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को दिल्ली से देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य परिसर को जोड़ने के लिए चकराता मार्ग (एनएच-72) पर दो अंडरपास (भूमिगत मार्ग) के निर्माण कार्य का वर्चुअली शिलान्यास किया। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे भी मौजूद रहे।




आइएमए के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडरपास का मामला करीब 40 साल से लंबित था। हालांकि, पूर्व में इसके लिए कई मर्तबा प्रयास हुए, मगर मसला लटकता रहा। अंडरपास न बनने से स्थानीय निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वजह ये कि आइएमए में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैडेट जितनी बार एक से दूसरे परिसर में आवागमन करते हैं, उतनी बार यातायात रोकना पड़ता है।

साल में दो बार होने वाली पासिंग आउट परेड के दौरान तो हफ्तेभर से ज्यादा वक्त तक ट्रैफिक डायवर्ट रहता है। लंबे इंतजार के बाद रक्षा मंत्रालय ने आइएमए में दो अंडरपास के लिए 45 करोड़ की राशि मंजूर की है। सोमवार को रक्षामंत्री के हाथों इन अंडरपास के निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ।

भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड वर्ष में दो बार होती है। इसकी तैयारियां करीब एक सप्ताह पहले शुरू हो जाती हैं। इसलिए हाईवे को रोजाना किसी न किसी कारण से बंद कर दिया जाता है। जिस दिन आइएमए की परेड होती है, उस दिन कई घंटे तक हाईवे यातायात डायवर्ट रहता है। इस कारण बड़ी संख्या में वाहन वैकल्पिक मार्ग के रूप में गलियों से निकलते हैं।

# उत्तराखण्ड में फिल्मी हस्तियों का रूझान बढ़ा हैः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री एवं उनके पति हिमालय दासानी ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखण्ड में फिल्म सिटी के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्मी हस्तियों का रूझान बढ़ा है। राज्य में युवाओं को फिल्म के क्षेत्र में विभिन्न प्रशिक्षण दिये जाय तो युवा इस क्षेत्र में अच्छा करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म क्षेत्र के साथ ही आर्गेनिक उत्पादों के क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड में काफी सम्भावनाएं हैं। उत्तराखण्ड में ऑर्गनिक नेचर को बढ़ावा देना जरूरी है। ऑर्गेनिक उत्पादों की डिमांड बहुत अधिक है।

उत्तराखण्ड में फिल्म सिटी बनाने के लिए भूमि तलाशी जा रही है मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म सिटी बनाने के लिए भूमि तलाशी जा रही है। फिल्म सिटी के लिए भूमि अधिक चाहिए एवं इसके लिए स्थान भी एयरपोर्ट से कम दूरी पर तलाशने के प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के युवाओं को सही दिशा देने की जरूरत है। यदि उन्हें यहां पर फिल्म के क्षेत्र में प्रशिक्षण मिलता है, तो वे इस क्षेत्र में अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उत्तराखण्ड में फिल्म सिटी बनने से लोगों की आर्थिकी में भी सुधार होगा।

इस अवसर पर विधायक गोपाल रावत, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव आशीष चौहान आदि उपस्थित थे।

**भेंट**



■मुख्यमंत्री ने अभिनेत्री भाग्यश्री एवं उनके पति हिमालय दासानी ने भेंट की

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आतंकवाद, ईसाइयों पर हमले, अहमदिया...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 45वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर उसकी बोलती बंद कर दी। भारतीय प्रतिनिधि पवन बधे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को पाल रहा है और उसने 4 हजार आतंकवादियों के नाम को हटा दिया है। यही नहीं पाकिस्तान अभी भी आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगार बना हुआ है और कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों को प्रशिक्षण दे रहा है।

भारत ने कहा कि कश्मीरी आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के लिए पाकिस्तान आतंकी लॉन्चपैड चला रहा है। ऐसे समय पर जब दुनिया कोरोना वायरस में फंसी हुई है, पाकिस्तान ने 4 हजार आतंकवादियों का नाम चुपके से लिस्ट से हटा दिया है। हर साल हजारों की संख्या में ईसाई समुदाय के लोग सताए जाते हैं और उनमें से ज्यादातर की हत्या कर दी जाती है। पवन बधे ने कहा कि परिषद के लिए यह चिंता की बात होनी चाहिए कि पाकिस्तान इस मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ दुष्प्रचार के लिए करता है।

UNHRC में भारत ने पाकिस्तान की बोलती बंद की